

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 31 दिसंबर 2024



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़


# नए साल के स्वागत की तैयारियां तेज, पर्यटन व धार्मिक स्थलों पर उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नए साल के स्वागत और जश्न को लेकर तैयारियां शुरु हो चुकी हैं। नया साल लगने में एक दिन ही बचा है। क्षेत्र सहित अन्य राज्यों और जिलों के लोग नये साल में पर्यटन स्थलों व धार्मिक स्थलों में जाकर साल के पहले दिन को यादगार बनाने की तैयारी कर चुके हैं।

जिले के लोगों में नये साल को लेकर खासा उत्साह देखने को मिलता है। लोग इस दिन अपने परिवार व अपने दोस्तों के साथ जिले में स्थित विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पिकनिक एवं धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुगण दर्शन के लिए भारी संख्या में पहुंचते हैं। जिले में प्रमुख रुप से गंगा मईया मंदिर, सियादेवी मंदिर, किल्लेवाली मंदिर, महामाया मंदिर, ओनाकोना, कपिलेश्वर मंदिर, जलेश्वर, तंदुला बांध, पर्यावरण पार्क एवं अन्य पर्यटन स्थलों पर नये साल पर पिकनिक मनाने लोग अपने परिवार के साथ आते हैं। जिले के पर्यटन स्थलों पर केवल जिले के लोग नहीं बल्कि आसपास जिलों के पर्यटक भी पहुंचते हैं। दिसंबर के आखिरी दिन व जनवरी के पहले सप्ताह ऐसे स्थान पर्यटकों से गुलजार रहते हैं। जिनकी सुरक्षा को लेकर पुलिस को विशेष सावधानी बरतनी होगी। ऐसे स्थानों में ही शराब का सेवन कर उत्पाद साथ लड़ाई झगड़ा विवाद करते हैं। इन सब हालात को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन पर्यटन स्थलों में सुरक्षा को लेकर पुलिस जवानों को तैनात करना जरूरी है।


## जिले में विभिन्न पर्यटन स्थलों पर अभी से पहुंचने लगे लोग



**प्रकृति के बीच सुकून का अहसासः** भीड़ भाड़ से दूर सुकून के कुछ पल बिताना है तो बालोद जिले का किल्लेवाली मंदिर अच्छी जगह है। यहां प्राकृतिक सुंदरता और शांति के लिए जाना जाता है। यहां पिछले कुछ वर्षों से पर्यटको की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।



**तंदुला, गोंदली बांध बना पिकनिक स्पॉटः** जिला मुख्यालय के निकट में तंदुला बांध कुछ ही किमी की दूरी पर गोंदली बांध है। दोनों स्थलों पर इन दिनों पिकनिक मनाने वाले लोगों की भीड़ देखी जा सकती है। प्रतिदिन दोनों बांध क्षेत्रों में लोग पिकनिक मनाने के लिए पहुंच रहे हैं।



**गंगा मैया और सियादेवी मंदिर है धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरः** गंगा मैया और सियादेवी मंदिर सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर का प्रतीक है। नया साल मनाने के लिए यह एक आध्यात्मिक और शांतिपूर्ण जगह है। सियादेवी स्थल प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग के समान हैं। यहां की ताजगी भरा माहौल और बहती जलधाराएं मन को सुकून देती है।

## खबर संक्षेप

### फंदे पर लटकती मिली महिला की लाश

**गुण्डरदेही।** सोमवार को एक अज्ञात महिला का शव डंगनिया के एक खेत में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी सोमवार को सरपंच व कोटवार को मिलने पर उन्होंने गुण्डरदेही पुलिस को जानकारी दी। इधर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर शव बरामद कर मरच्युरी में रखवाया है। पुलिस ने बताया कि महिला के हाथ पर हेमीन साहू लिखा हुआ है। महिला का शव साड़ी के फंदा पर बबूल पेड़ से लटकते हुए पाया गया। टीआई ने बताया कि मृतक महिला के परिजनों की जानकारी ली जा रही है। आसपास संबंधित थाने को भी सूचना दे दी गई है।

### रास्ता रोककर की मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** राजहरा में माइंस आफिस के पास तीन लोगों ने मिलकर दुर्गेश ठाकुर की पिटाई कर दी। दुर्गेश ठाकुर की रिपोर्ट पर राजहरा थाने में तीनों के खिलाफ धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। रानी लक्ष्मी बाई वार्ड राजहरा निवासी दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि रविवार को रात में अपने साथी कैलाश मंडावी के साथ फुटबाल ग्राउण्ड राजहरा से घूमकर अपनी मोटर साइकिल से घर वापस माइंस आफिस होते हुए आ रहा था। इस बीच रात लगभग 10.30 बजे माइंस आफिस के सामने पहुंचा था, उसी समय करण अपने दो साथियों के साथ मोटर सायकल से पहुंचा। तीनों ने रास्ता रोककर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। उसने बताया कि करण ने अपने पास रखी लोहे की किसी वस्तु से मेरे सिर के पीछे भी वार किया।

### ग्राम समोदा में श्रीमद् भागवत कथा 2 जनवरी से



**अंडा।** ग्राम समोदा में 2 से 10 जनवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन बजरंग सेवा समिति द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। पंडित भूपेंद्र पांडेय गुंडरदेही वाले कथावाचन करेंगे। कार्यक्रम के तहत 2 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद वेदी पूजन के बाद गौकरण कथा से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। 3 जनवरी को सुकदेव आगमन, 4 को ध्रुव चरित्र, कपिल चरित्र, 5 को प्रहलाद चरित्र, जड़ भरत प्रसंग, 6 को श्री राम जन्म एवं श्री कृष्ण जन्म, 7 को बाल चरित्र, माखन चोर लीला, 8 को रुक्मिणी मंगल विवाह, 9 को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष व चढ़ोत्री होगी। 10 जनवरी को श्री गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, हवन के बाद शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम पूर्ण होगा। शाम को महाप्रसादी वितरण के बाद छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गायक नीलकमल वैष्णव का सतरंगी रे स्टार नाईट का कार्यक्रम रखा गया है।

## विरोध : तहसील मुख्यालय डोंडी में निकाली गई रैली, मथाई चौक पर चार घंटे चला धरना

# नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण की मांग, ओबीसी वर्ग ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण शून्य किए जाने के विरोध में सोमवार को तहसील मुख्यालय डोंडी में पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों ने डोंडी के मथाई चौक पर 4 घंटे तक धरना प्रदर्शन कर सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। ओबीसी समाज के आंदोलन को जायज बताते हुए आदिवासी समाज, सरपंच संघ और व्यापारी संघ डोंडी ने भी मंच पर आकर समर्थन दिया।

सोमवार को डोंडी सहित आसपास के गांवों से लोग स्थानीय रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए, जहां से सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली गई। रैली नगर के थाना चौक, बाजारपारा, दुर्गा चौक, मुख्य मार्ग जवाहरपारा चौक होते हुए मथाई चौक पहुंची, जहां पर सभा के रूप में परिवर्तित हुई। सभा को संबोधित करते हुए पिछड़ा वर्ग समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन ने कहा कि डोंडी ब्लॉक में हम 17 समाज के लोग अन्य पिछड़ा वर्ग में आते हैं।

**खास बातें**

- ओबीसी समाज की मांग को आदिवासी समाज, सरपंच संघ और व्यापारी संघ डोंडी ने भी दिया समर्थन
- वक्ताओं ने सरकार पर लगाया मौलिक अधिकार छीनने का आरोप




### क्षेत्र में ओबीसी वर्ग के लोग ज्यादा

डोडी ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुआंगोंदी भर्रीटोला 36 ढोरीठेमा खल्लारी घोटिया में ओबीसी वर्ग के लोग ज्यादा हैं, वहां पर ओबीसी समुदाय को चुनाव में प्राथमिकता मिलनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं है। यहां पर पिछले दिनों नगर पंचायत डोंडी के पार्षद के लिए किए गए आरक्षण में ओबीसी के लिए कोई पद नहीं है। इसी तरह वर्तमान ग्राम पंचायत की बॉडी में डोंडी ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों से 55 लोग हमारे वर्ग से पंच बनकर आते थे, लेकिन सरकार ने उन्हें भी शून्य कर दिया है। अन्य पिछड़ा वर्ग समाज की गणना कर पिछड़ा वर्ग को चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया था, लेकिन अभी अब हमें ठगकर हमारे मौलिक अधिकार को छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में नगरीय निकाय का आरक्षण निरस्त कर सरकार हमारी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करें, अन्यथा हमें उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



### बड़े आंदोलन के लिए भी तैयार रहने की अपील

पीयूष सोनी ने कहा कि सरकार ओबीसी वर्ग को समाज के प्रतिनिधित्व से रोकना चाहती है, जो हमारे साथ सरासर अन्याय है। जरूरत पड़ी तो हमें बड़े आंदोलन के लिए भी तैयार रहना है। सभा को व्यापारी संघ के अध्यक्ष तिलक दुबे, अवध राम कुंभकार, राधिका भारद्वाज, नकुल विश्वकर्मा, सोमेश साहू सहित अनेक लोगों ने संबोधित किया। प्रदर्शन स्थल पर पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण ओबीसी समाज द्वारा आसपास की ग्राम पंचायत तथा निजी टैंकर से पेयजल की व्यवस्था की गई। इस संबंध में नगर पंचायत डोंडी के सीएमओ सन्तोष देवांगन ने कहा कि सरकार के विरुद्ध आंदोलन व धरना-प्रदर्शन करने वालों को स्थानीय निकाय की ओर से पानी देने का प्रावधान नहीं है। धरना प्रदर्शन में भोज साहू, हिंसाराम साहू, जीवन धनकर, तेजराम साहू, कुमलेंद्र चंद्राकर, बलिराम धनकर, रजनी जयसवाल, श्यामलाल सोनार, जगत राम यादव, भावेश यादव सहित डोंडी ब्लॉक के विभिन्न गांवों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### पिछड़ा वर्ग को पीछे धकेलने की चाल

पिछड़ा वर्ग समाज के बालोद जिला अध्यक्ष छगन यादव ने कहा कि सरकार ओबीसी समाज को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का सपना दिखाकर समाज को बेवकूफ बना रही है। देश में बड़े-बड़े पदों पर बैठे अफसरों और सबल वर्ग आरक्षण और निर्बल लोगों को कुछ नहीं दिया जा रहा है। काशीराम निषाद ने कहा कि भारत देश में 95 जाति के लोग अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के अंतर्गत आते हैं और भारत देश में हमारी आबादी 54 प्रतिशत है, लेकिन सरकार हमें चुनाव में शून्य आरक्षण में शून्य दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमें पीछे धकेलने की बड़ी चाल है।

## शीतकालीन अवकाश के बाद स्कूल पहुंचे बच्चे...



**बालोद।** करीब एक सप्ताहभर शीतकालीन अवकाश के बाद एक बार फिर सोमवार को स्कूल बच्चे बैग कंधों पर उठाए स्कूल जाते दिखे। बच्चों के चेहरों पर सप्ताहभर बाद स्कूल जाने की खुशी और अपने साथियों और शिक्षकों से मिलने की ललक नजर आ रही थी। बता दें कि शीतकालीन अवकाश समाप्त होने के अब दो माह बाद बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। उसके बाद अन्य कक्षाओं की भी मुख्य परीक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। इसके लिए बच्चे अभी से तैयारी में लग चुके हैं ताकि आगे उन्हें परीक्षा दिलाने में कोई परेशानी न हो।

## भोथीपार में शुरू हुई क्रिकेट स्पर्धा

**गुण्डरदेही।** मुस्कान क्रिकेट क्लब भोथीपार के तत्वावधान में 30 दिसंबर से 3 जनवरी तक 5 दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच ग्राम पंचायत खपरी (भोथीपार) जनक बाई साहू, उपसरपंच लक्ष्मी अग्रवाल, सावंत राम साहू, लेख राम साहू, कमल साहू, नरेंद्र साहू, पंच खोमन लाल साहू, हलधर साहू, किरण साहू, कृपा राम साहू, रमेश साहू, रेख राम साहू, दीना राम साहू, उमेश साहू, चंद्रप्रकाश साहू, उत्तम साहू, तेजनारायण, संजय, हेमंत, महेंद्र कुमार मंडावी उपस्थित थे। सरपंच जनक बाई साहू ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, सभी को खेलों से होने वाले लाभ की जानकारी दी। साथ ही खिलाड़ियों से कहा कि खेल को खिलाड़ी भावना से खेलें और अपने और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें।



## काम पर जाने के लिए निकला साइकिल सवार घायल अवस्था में झाड़ियों में मिला





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे ग्राम देवारभाट अपने घर से राइस मिल काम पर जाने के लिए सायकिल से निकले 52 वर्षीय एक व्यक्ति सड़क किनारे झाड़ियों में बेहोश व घायल अवस्था में मिला। उनकी सायकिल भी वहीं कुछ दूर क्षतिग्रस्त मिली।

- जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर पाकुरभाट मोड़ के पास की घटना

घायल व्यक्ति को राहगीरों व टहलने निकले लोगों ने लगभग 7 बजे के आस पास देखा। उन्होंने 108 के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज जारी है। घटना जिला मुख्यालय से लगभग 7 किलोमीटर दूर ग्राम पाकुरभाट मोड़ के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवारभाट के पुरषोत्तम नूरेटी 52 वर्षीय, सायकिल से काम पर राइस मिल जाने के लिए घर से सुबह लगभग 5 बजे निकले थे। लेकिन रास्ते में वह घायल व बेहोश अवस्था में मिले है। उनके सिर में गंभीर चोट आई है। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से सायकल सवार व्यक्ति सड़क से दूर झाड़ी में जा गिरा, वहीं उसकी सायकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि अज्ञात वाहन स्कॉर्पियो हो सकता है, क्योंकि घटनास्थल पर स्कॉर्पियो वाहन के टुकड़े मिले हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वाहन चालक ठोकर मारने के बाद वहां से भाग गया है। मामले में सोमवार की स्थिति में थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनेली निवासी कन्हैया ने जताया पीएम व सीएम का आभार

# पीएम आवास योजना से साकार हुआ पक्का व सुरक्षित घर का सपना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रत्येक आवासहीन परिवारों को पक्का एवं सुरक्षित आवास प्रदान कर उनके बुनियादी एवं प्रमुख आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना अनेक गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर एवं पक्का आवास प्रदान कर उनके जीवन को खुशहाल बनाने में कारगर योजना साबित हो रही है।

इस योजना के अंतर्गत जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनेली के गरीब किसान कन्हैया यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्का एवं सुरक्षित आवास मिलने से अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहा है। आज से कुछ समय पहले तक खपरैल वाले मिट्टी के कच्चे मकान में निवास करने से अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।

किसान कन्हैया यादव ने बताया कि पहले उन्हें मिट्टी के खपरैल वाले मकान में निवास करने के दौरान बारिश आदि के समय उनके घर में पानी टपकने के अलावा कीड़े-मकोड़े आदि की समस्याएं भी बनी रहती थी। इसके अलावा मिट्टी के घर में प्रतिदिन साफ-सफाई एवं लिपाई-पोताई के लिए भी पक्की घर की तुलना में अधिक समय लगता था। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना से उनका पक्का आवास बन जाने से इन सारी समस्याओं से निजाद मिलने के अलावा समय एवं श्रम की भी बचत हो रही है। किसान कन्हैया ने बताया कि अपने लिए सुरक्षित घर बनाने का सपना उनके मन में बहुत पहले से था, किंतु घर की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण वे और उनके परिवार अपने लिए सुरक्षित आशियाना बनाने के सपने को साकार नहीं कर पा रहे थे। केन्द्र व राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना की सराहना करते हुए किसान कन्हैया ने बताया कि आज सरकार के जनहितैषी योजना के फलस्वरूप उनके एवं उनके परिवार को सुरक्षित एवं बेहतर पक्का आवास का सौगात मिला है।




किसान कन्हैया ने कहा कि आज इस योजना के फलस्वरूप उनके एवं उनके परिवार के लिए एक सुरक्षित आवास का निर्माण हो जाना किसी बड़े सपने के साकार होने से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार को अब पक्के आवास की सौगात मिलने से वे एवं उनके परिजन बहुत ही प्रसन्नचित है। कन्हैया ने कहा कि उनके एवं उनके परिवार को अब सुरक्षित बसेरा मिल जाने से जीविकोपार्जन हेतु अन्य कार्यों को भी निश्चिंत होकर पूरा करने में बहुत ही सहुलियत हो रही है।

### आसमान से तारा तोड़ने जैसा अत्यंत कठिन था पक्का मकान बनाना

अपने जीवन संघर्षों के बारे में जानकारी देते हुए किसान कन्हैया ने बताया कि वे एक गरीब किसान एवं मजदूर परिवार से संबंध रखते है। उनके पास बिल्कुल भी कृषि भूमि नहीं है, मेहनत मजदूरी कर वे अपने एवं अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसी विपरित परिस्थिति में उनके लिए एक सुरक्षित पक्का आवास की कल्पना करना भी आसमान से तारा तोड़ने के समान अत्यंत ही कठिन कार्य था। लेकिन हमारे देश के बहुत ही संवेदनशील, जनहितैषी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के संवेदनशील एवं दूरदर्शी सोच के परिणाम स्वरूप उनके जैसे एक भूमिहीन किसान एवं मजदूर का भी अपने लिए एक पक्का आवास बनाने का सपना साकार हो रहा है।


## पाठक सूचना

बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### माता-बहनों को निडर बनाने के लिए आत्मरक्षा शिविर का समापन

**रायपुर।** मातृ शक्ति, माताओं-बहनों को निडर और सशक्त बनाने के लिए आयोजित सात दिवसीय निशुल्क आत्मरक्षा शिविर का समापन किया गया। यह शिविर देवेंद्र नगर स्थित गरबा ग्राउंड में लगाया गया था। इस अवसर पर साधु-संतों ने आशीर्वाद की वर्षा की। इस कार्यक्रम को संत महासभा के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी राजेश्वरानंद, किन्नर अखाड़ा साध्वी सौम्या, उपाध्याय निराहार, वेद प्रकाश महाराज, आयोजक विजय क्षत्री द्वारा अपने पिता स्व. लालचंद क्षत्री की स्मृति में आयोजित किया है। सहयोगी टीम झूलेलाल नवयुवक संघ है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उनके द्वारा देखा सपना सच हुआ और प्रथम शिविर सफल हुआ था, उसके बाद द्वितीय शिविर आयोजित किया गया है। हम सभी 24 घंटे अपनी माता, बहन-मातृशक्ति के साथ नहीं रहते, इसके लिए हमें हमारे परिवार की हर मातृशक्ति को निडर, सक्षम, बनाने के लिए शिविर के आयोजन किए जाते हैं और सनातन धर्म संस्कृति से भी आज की युवा पीढ़ी अवगत हो, ये भी प्रयास रहता है। उन्होंने बताया कि विशेष सहयोगी विजय क्षत्री, विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल, चैंबर ऑफ कॉमर्स, युवा छग सिंधी पंचायत, झूलेलाल नवयुवक संघ, सनातनी हिंदू सिंधु युवा आदि हैं।

### उपन्यास 'मोड़ के बाद' का विमोचन हुआ

**रायपुर।** वृंदावन हॉल सिविल लाईन रायपुर में पूर्व एडी. कलेक्टर निर्मल तिग्गा द्वारा लिखित पुस्तक मोड़ के बाद का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गनपत राव एवं अध्यक्षता विजय एक्का ने की, विशिष्ट अतिथि पूर्व राजस्व सचिव अनूप श्रीवास्तव तथा पूर्व डीआईजी किशोर अग्रवाल थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के बीस जिलो से साहित्य में रूचि रखने वाले प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पुस्तक की विस्तृत विवेचना साहित्यकार के.पी. सक्सेना ने की, उन्होंने कहा कि पुस्तक इतनी रोचक है कि कोई इसे पढ़ना प्रारंभ करता है तो वह व्यक्ति अंत तक पुस्तक को पढ़ने के लिये विवश सा हो जाता है। इस अवसर पर भूलनकांदा फिल्म के लेखक–डायरेक्टर, साहित्यकार संजीव बक्शी ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि पुस्तक मोड़ के बाद आदिवासी संस्कृति की एक मार्मिक और स्नेहित गाथा है। पुस्तक के लेखक निर्मल तिग्गा ने कहा कि इस उपन्यास में आदिवासी अंचल के एक व्यक्ति की यथार्थ घटना है, जिसे काल्पनिक नाम देकर उकेरने का प्रयास किया है। किशोर अग्रवाल ने कहा कि यह उपन्यास अत्यंत रोचक है, आदिवासी अंचल की रीतियो, भारतीय संस्कृति और वेदो की उक्तियो से ओत–प्रोत है और यथार्थ घटना को उपन्यास का रूप देने का कल्पनातीत एवं अनुपम कार्य किया गया है।

### स्वामी आत्मानंद कॉलेज अटारी में वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद कॉलेज अटारी में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह एवं अभया जोगलेकर ने किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कॉलेज स्टॉफ की गोला फेंक प्रतियोगिता हुई, तथा विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स, व्हॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिसमें व्हॉलीबॉल में बीएससी संकाय ने प्रथम, बीसीए संकाय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी प्रकाश चंद्रवंशी ने दी।

# पीएससी का इंग्लिश प्रेम..! मात्र 13 विषय के प्राध्यापकों को बुलाया सत्यापन के लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

विवादों से जूझ रहा छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग अपनी गलतियां बार-बार दोहरा रहा है। इससे प्राध्यापक पद के दावेदार हलाकान हो गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों के लिए भर्ती निकाली गई थी।

इन पदों के दावेदारों का दस्तावेज सत्यापन पीएससी द्वारा करते हुए आगे की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी, लेकिन पीएससी को इंग्लिश सहित कुछ विषयों से ऐसा प्रेम हुआ कि इनके अतिरिक्त अन्य विषयों के उम्मीदवारों को बुलाना तो दूर अधिसूचना जारी करना भी राज्य लोक सेवा आयोग भूल बैठा। दस्तावेज सत्यापन की यह प्रक्रिया पहले से ही विवादों में रही है। पीएससी ने सर्वप्रथम 2 से 16 दिसंबर तक सभी 30 विषयों के उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया था। विशेषज्ञ ना होने के कारण प्रथम दिवस चार घंटे में एक भी उम्मीदवार के दस्तावेज जांचे नहीं जा सके थे। इसके बाद पीएससी ने इसे रद्द कर दिया था। पुनः अधिसूचना जारी करते हुए पीएससी ने 13 विषयों के 255 उम्मीदवारों को 10 से 17 दिसंबर तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया। इन 13 विषयों के अलावा शेष विषयों के उम्मीदवार अब भी बुलावा मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

**उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 30 विषयों में प्राध्यापकों के 595 पदों पर होनी है भर्ती**




- मात्र 13 विषयों में ही दस्तावेज सत्यापन, शेष के लिए अधिसूचना भी नहीं
- हिंदी-वेद वाले अभ्यर्थी ताक रहे राह, लोक सेवा आयोग ने भुलाया

### नहीं मिल रहे हैं विशेषज्ञ

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पीएससी को प्राध्यापक पद के उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज का सत्यापन करने विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। प्राध्यापक पद के लिए रिसर्च वर्क सहित अन्य अकादमिक कार्यों की गणना होती है। रिसर्च प्रकाशन सहित अन्य कार्यों के स्तर के अनुसार उनके लिए अंक निर्धारित होते हैं। इन अंकों का निर्धारण करने के लिए पीएससी को विशेषज्ञ नहीं मिल रहे हैं। पूर्व में भी पीएससी को एक्सपर्ट नहीं मिलने के कारण ही दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया स्थगित करनी पड़ी थी। बाद में पीएससी ने प्रक्रिया बदलते हुए ऑनस्पॉट सत्यापन करने के स्थान पर अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में जानकारी देने कहा था।

### इन विषयों का सत्यापन पूर्ण

अंग्रेजी, माइक्रोबायोलॉजी, लोक प्रशासन, प्राचीन भारतीय इतिहास, बायोटेक्नोलॉजी, सैन्य विज्ञान, ज्योतिष, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, इतिहास, संस्कृत, विधि एवं गृह विज्ञान।

### इन विषयों के उम्मीदवार कर रहे इंतजार

हिंदी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, भूगोल, भौतिक शास्त्र, गणित, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, कंप्यूटर साइंस, कंप्यूटर एप्लीकेशन, भूगर्भशास्त्र, वाणिज्य शास्त्र, मनोविज्ञान, वेद और सूचना प्रौद्योगिकी।

## जिले के राजाराव पठार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने की थी घोषणा

# ग्राम पंचायत कुरदी में बनेगा जिले का पहला महतारी सदन, महिलाएं प्रसन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने, आपसी समरसता स्थापित करने एवं महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण कराया जा रहा है।

बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुरदी में जिले का पहला महतारी सदन बनाया जाएगा। इसकी सौगात मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विगत दिनों बालोद जिले के राजाराव पठार में आयोजित कार्यक्रम में दी है। ग्राम पंचायतों में बनने जा रहे महतारी सदन से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल की जा रही है। महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको कामकाज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए ग्राम पंचायतों में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। बालोद जिले के ग्राम कुरदी की पोमीर साहू ने बताया कि उन्हें बेहद ही खुशी हो रही है कि उनके गांव में महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। पहले हम महिलाओं को चर्चा, बैठक आदि के लिए यहाँ–वहाँ बैठना पड़ता था। उपयुक्त स्थान नही होने की वजह से हमें काफी समस्याएं भी आती थी। लेकिन हमारी इस समस्या को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोचा, समझा और उसका हल निकालते हुए महतारी सदन की सौगात हम महिलाओं को दी है। इसके लिए हम सभी महिलाएं उनका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करती है।





### महिलाओं ने जताया सीएम का आभार

गांव की बुजुर्ग महिला उषा किरण योगी ने बताया कि हम गांव की महिलाओं को आजीविका संबंधी कार्यों एवं कई प्रकार के बैठकों के लिए अन्य भवन या किसी के घर जाना पड़ता था। बैठक एवं गतिविधियों के लिए कोई निश्चित स्थान नहीं था। लेकिन अब महतारी सदन बनने से गांव की सभी महिलाओं के लिए एक अच्छा भवन मिल पाएगा। जहाँ हम महिलाएं आजीविका संबंधी गतिविधियां और बैठक आदि कर सकती हैं। महतारी सदन की सौगात हम महिलाओं को देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद। ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच संजय साहू ने अत्यंत ही हर्ष के साथ बताया की बालोद जिले का पहला महतारी सदन उनके ग्राम पंचायत कुरदी में बनने जा रहा है। यह सौगात ग्राम कुरदी की महिलाओं के लिए सौभाग्य की बात है। संजय साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह आर्थिक संबल भी मिल रहा है। अब उन्होंने महतारी सदन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को उनके सशक्तिकरण के लिए बड़ी सौगात दी है।

# घर में आग लगने से ढाई लाख नकद सहित पूरा सामान खाक





हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

- नाड़ी वैद्य देशमुख ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस, की एक लाख रुपए की मदद

ब्लॉक के ग्राम भंडेरा निवासी मया राम पटेल के घर लगी आग से सब कुछ स्वाहा होने की खबर सुनकर क्षेत्र के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख ने उनके घर पहुंच कर उन्हें एक लाख रुपए देकर मदद पहुंचाई। उन्हें ढांढस बंधाया। गुरुदेव द्वारा दी गई मदद को पाकर परिवार के आंसू छलक आए। परिवार ने उन्हें धन्यवाद दिया। गुरुदेव ने कहा कि हमने ईश्वर को देखा नहीं है, लेकिन इस तरह के परिवार के दुख में शामिल होना यह हमारा मानव कर्तव्य है।

बता दें कि डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम भंडेरा निवासी मयाराम पटेल के घर मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात आग लग गई थी। इस आगजनी से घर में रखे चावल, दाल, ढाई लाख रुपए, दो मोटरसाइकिल, फ्रिज, पंखा, कूलर सब जलकर खाक हो गए। मयाराम जिस घर में रह रहा था व जिस घर में आग लगी वह धंसा राम धनकर का घर है, जहां मयाराम पिछले चार साल से रह रहा है। मयाराम के घर विवाह की तैयारी चल रही थी। बेटी की विवाह के लिए जमीन बेचकर उन्होंने ढाई लाख रुपए जमा किए थे, जो घर में ही रखे थे। इस आगजनी से रुपए जल कर रख हो गए। शादी के लिए चावल, दाल, गेहूं सब जमा कर तैयारी कर की जा रही थी। सारा सामान जलकर खाक हो गया। जैसे ही इसकी जानकारी भेड़ी निवासी प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख को हुई, वे शुक्रवार को ग्राम भंडेरा पहुंचे। वहां उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना देते हुए एक लाख रुपए की मदद पहुंचाई।

### रो पड़ा पीड़ित परिवार

इस मदद के बाद परिवार के सारे सदस्य रो पड़े। परिवार के लोगों ने बताया कि परिवार के प्रमुख मयाराम पटेल की दोनों किडनी खराब है। घर में किसी तरह से गुजारा चलता है। इस आग से शादी की चिंता बढ़ गई है। मायाराम पटेल ने बताया कि अभी तक शासन प्रशासन से कोई भी मदद नहीं मिली है। न कोई अफसर आए हैं, ना कोई जनप्रतिनिधि।

# फरवरी में नगरीय निकाय चुनाव की संभावना, मतदाता सूची का प्रकाशन 15 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के लिए मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी होने के बाद चुनाव के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी को होगा, इसके बाद ही राज्य में आचार संहिता लगेगी। ऐसे में अब संभावना जताई जा रही है कि फरवरी महीने में नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं।

15 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा, जिस कारण यह तय है कि प्रदेश के ऐसे निकाय, जहां चुनाव होना है, वहां प्रशासक का बैठना तय है। वहीं फरवरी महीने में अगर पंचायत चुनाव नहीं होते हैं तो प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए नए सिरे से मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं को भी वोट डालने का मौका मिलेगा, जिनका पुरानी मतदाता सूची में नाम छूट गया था। राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। नए शेड्यूल के अनुसार, नगरीय निकायों और पंचायतों के मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2025 को किया जाएगा।




- 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नए मतदाता जुड़ेंगे सूची में

### नगरीय निकायों में थे 43.90 लाख मतदाता

पूर्व में राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए 10 दिसंबर को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया था। अंतिम प्रकाशन में नगरीय सभी जिलों के नगरीय निकायों में 43 लाख 90 हजार से अधिक मतदाता थे। अब नए सिरे से पुनरीक्षण के बाद इसमें वृद्धि होने के अनुमान हैं। बताया जाता है कि पंचायत चुनाव के लिए पूर्व में 1.45 करोड़ मतदाता होने की जानकारी सामने आई थी, पुनरीक्षण के बाद इसमें और वृद्धि होने की संभावना है।

### प्रशासक का बैठना तय

नगरीय निकायों में प्रथम सम्मेलन की तिथि 5 जनवरी से शुरू हो रही है। इस अवधि के पहले निर्वाचन आयोग को चुनाव कराना होता है, इस बार 15 जनवरी तक चुनाव नहीं होंगे। ऐसे में प्रदेश के वे निकाय, जहां चुनाव होने हैं, वहां प्रशासक बैठाना होगा। इसी प्रकार त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में प्रथम सम्मेलन की तिथि फरवरी के दूसरे सप्ताह में है, इससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वहां भी प्रशासक की नियुक्ति करनी होगी। चुनाव होने से नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत के विकास में जनप्रतिनिधियों की कोई भूमिका नहीं होगी।

### नहीं मिल रहीं 'सिंगल गर्ल चाइल्ड', बढ़ाई गई आवेदन तिथि

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीबीएसई सिंगल गर्ल चाइल्ड स्कॉलरशिप के लिए पंजीकरण करने की आखिरी तिथि को बढ़ा दिया है। इस संबंध में आधिकारिक वेबसाइट पर एक नोटिस भी जारी किया गया है। ऐसे में जिन उम्मीदवारों को इस स्कॉलरशिप के लिए अप्लाई करना है वे सभी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट cbse.gov.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आधिकारिक नोटिस के अनुसार, छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। यह स्कॉलरशिप उन सभी अविवाहित छात्राओं को दी जाएगी, जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10 की परीक्षा में 70 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं और जो सीबीएसई से संबद्ध स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई कर रही हैं, जिनकी ट्यूशन फीस शैक्षणिक वर्ष के दौरान 2500 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं है। कक्षा 11 और 12 में ट्यूशन फीस 3000 रुपये प्रति माह से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# नरैया तालाब में टॉय ट्रेन और बटरफ्लाई पार्क के लिए टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

टिकरापारा के नरैया तालाब के चारों ओर टॉय ट्रेन की सवारी करने अभी थोड़ा इंतजार और करना होगा। संगीत के साथ जुम्बा और उछलकूद करने यहां जंपिंग जोन बनेगा। नगर निगम जोन-6 ने रुचि की अभिव्यक्ति मंगाई है। टेंडर खुलने के बाद एजेंसी तय की जाएगी। प्रोजेक्ट के तहत रंगीन तितलियों को आकर्षित करने नरैया तालाब किनारे बटरफ्लाई पार्क भी बनाया जाएगा।

राजधानीवासियों के लिए तेलीबांधा के मरीन ड्राइव की तर्ज पर शहीद पंकज विक्रम वार्ड स्थित नरैया तालाब अब पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसके लिए 1 करोड़ खर्च कर योग के लिए पक्का शेड, बच्चों के मनोरंजन के लिए टॉय ट्रेन तालाब के चारों किनारों की सैर कराने चलाई जाएगी।

इसी तरह मल्टी-एक्टिविटी के तहत संगीत के साथ जुम्बा डांस, उछलकूद करने जंपिंग जोन एरिया बनाया जाएगा। शहरवासियों को आकर्षित करने रंगीन तितलियों को लुभाने वाले पौधे लगाकर बटरफ्लाई पार्क बनाया जाएगा, इसमें मेंटेनेंस की शर्त अनुबंध में शामिल रहेगी।

- तेलीबांधा तालाब की तर्ज पर मल्टी-एक्टीविटी शुरू करने तय होगी एजेंसी
- जोन 6 ने किया ऑनलाइन टेंडर


फाइल फोटो

### किया है टेंडर

नरैया तालाब को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित करने मल्टी-एक्टीविटी शुरू की जाएगी। इसके लिए जोन से ऑनलाइन टेंडर किया गया है। जल्द ही एजेंसी तय की जाएगी।

- **रमेश जायसवाल,** कमिश्नर, जोन-6

# संस्था की पहल, सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए मवेशियों और कुत्तों को पहनाया रिफ्लेक्टिव कॉलर

**रतन टाटा की जयंती पर रिफ्लेक्टिव कॉलर ड्राइव का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

खास खबर

स्ट्रे कीपर्स-एनिमल वेलफेयर फाउंडेशन ने कई स्थानीय एनिमल एक्टिविस्ट के साथ मिलकर प्रसिद्ध उद्योगपति और परोपकारी दिवंगत रतन टाटा की जयंती के उपलक्ष्य में एक सफल रिफ्लेक्टिव कॉलर (रेडियम) ड्राइव का आयोजन किया।

इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना था, जिसमें आवारा मवेशियों और कुत्तों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाकर रात के समय वाहनों के लिए उनकी दृश्यता सुनिश्चित की गई। डायरेक्टर डॉ. दीपशिखा का कहना है कि आंकड़ों को देखें तो भारत में हर मिनट एक मौत एक्सिडेंट से होती है, यह रेडियम का पट्टा अंधेरे में गाड़ी की लाइट पड़ते ही चमकने लगेगा, गाड़ी चलने वाले को मवेशी दिखेंगे और एक्सिडेंट से रोका जा सकेगा। इस अभियान के तहत 300 कुत्तों और 300 गायों को रिफ्लेक्टिव कॉलर पहनाए गए।

टाटीबंध, रिंगरोड 3 बिलासपुर हाइवे, न्यू रायपुर, सेजबहार धमतरी रोड और आरंग हाईवे समेत कई स्थानों पर जाकर जानवरों को खुद कॉलर पहनाए। डायरेक्टर डॉ. अवंतिका ने भी इस ड्राइव में भाग लिया और आसपास के लोगों को इसकी अहमियत समझाई, उन्हें बताया कि इस पहल से इंसान और जानवर दोनों की जान बचाई जा सकती है।

### कुत्तों को ठंड से बचाने के लिए बोरा बेड बांटे

ठंड से कुत्तों को बचाने के लिए बोरा बेड और ड्रम बेड निशुल्क वितरित किए गए, जो विशेष रूप से पिल्लों के लिए उपयोगी साबित हुए। इस वितरण को स्वयंसेवकों का भारी समर्थन मिला, जिन्होंने इसे सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। डॉ. मोनिका का कहना है कि रोड पर जानवरों की बहुत दयनीय स्थिति रहती है, वे भूखे-प्यासे गर्मी, बारिश, ठंड में भटकते हैं। हम सभी को मिलकर उनका ध्यान रखना चाहिए, यह हमारी जिम्मेदारी है। यह आयोजन रायपुर में सभी एनिमल एक्टिविस्ट के सामूहिक प्रयासों को उजागर करता है, जो आवारा जानवरों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और समुदाय से ऐसी नेक पहल को समर्थन देने की अपील की।



# टिकरापारा विवाद, दोनों पक्षों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

- हत्या की कोशिश, बलवा सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज

लेनदेन के विवाद को लेकर तीन दिन से आपस में लड़ रहे दो पक्षों के खिलाफ टिकरापारा पुलिस ने दो महिलाओं समेत आठ लोगों को हत्या की कोशिश, बलवा, तोड़फोड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है। यहां के रहवासियों ने शनिवार को पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने का घेराव कर चक्काजाम कर दिया था।

लेनदेन के विवाद पर एक-दूसरे के साथ मारपीट, जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने मोहसीन खान, अभिषेक रावलानी, आसिफ मेमन, अब्दुल दानिश, सोहेल शेख, जिबरान सैफ, सलमा खान तथा श्रेया वैष्णव को गिरफ्तार किया है। लेनदेन के विवाद में 26 दिसंबर को फाल्स सिलिंग कारोबारी मोहम्मद अली की दुकान में जिबरान, आमिर एवं मोहम्मद अली, अहमद हफसैन, फिदा हुसैन ने आपस में वाद-विवाद करते हुए आपस में मारपीट की थी।

दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ दूसरे दिन थाने में शिकायत दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज कराने के दूसरे दिन 28 दिसंबर को दोनों पक्ष आपस में फिर भिड़ गए और एक-दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। एक पक्ष ने पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाते हुए थाने पहुंचकर घेराव कर दिया था।

# 10 साल बाद पुनरीक्षण, सड़क-सेतु निर्माण कार्य के लिए जनवरी से नई एसओआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक निर्माण विभाग सड़क एवं सेतु कार्यों के लिए दर अनुसूची (एसओआर) में बड़ा परिवर्तन करते हुए पुनरीक्षण कर 1 जनवरी 2025 से नवीन दर अनुसूची लागू करने जा रहा है। नवीन दर अनुसूची राज्य में दस साल बाद लागू होने जा रही है। वर्तमान दर अनुसूची 1 जनवरी 2015 से लागू है। विगत 10 वर्षों में इसमें बहुत परिवर्तन हो चुका है। नवीन दर अनुसूची वर्तमान में श्रमिकों की दर, सामग्री की दर एवं मशीनरी की दर लेकर बनाई गई है, जिससे दर अनुसूची अद्यतन हो गई है। उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने संवाददाताओं को बताया कि नवीन दर अनुसूची लागू होने से निर्माण कार्यों के डीपीआर प्राक्कलन में कार्य लागत का आकलन वास्तविक होगा एवं कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति दी जाने वाली राशि कार्य करते समय पुनरीक्षित स्वीकृति की आवश्यकता कम होगी। इससे कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा में पूर्ण करने में सार्थक परिणाम मिलेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2015 में जारी की गई दर अनुसूची उस समय प्रचलित समस्त टैक्स को समावेशित करते हुए तैयार की गई थी। 1 जुलाई 2017 को उस समय प्रचलित सभी टैक्स को समाहित करते हुए जीएसटी पद्धति लागू की गई। वर्तमान दर अनुसूची को तैयार करते समय जीएसटी को नहीं जोड़ा गया है। कार्यों के प्राक्कलन तैयार करते समय कुल लागत में प्रचलित जीएसटी दर को अलग से जोड़कर प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा अपनी निविदा दर जीएसटी सहित दी जाएगी एवं ठेकेदार को अलग से जीएसटी का भुगतान नहीं करना होगा, परंतु कार्य की लागत में जीएसटी का प्रभाव सम्मिलित रहेगा। दरों को जीएसटी के प्रभाव के बिना रखे जाने से समय-समय पर जीएसटी के दरों में होने वाले परिवर्तन के कारण ठेकेदार को कार्य करने में जोखिम नहीं रहता है।

## उप मुख्यमंत्री साव ने कहा-10 साल बाद राज्य में नई दर अनुसूची

### नई तकनीक, नए मटेरियल को जोड़ा गया

विगत 10 वर्षों से कई नवीन तकनीक, नए मटेरियल एवं आईआरसी द्वारा विभिन्न कार्यों की कार्यविधि में परिवर्तन किया गया है। नवीन तकनीक एवं नवीन मटेरियल के उपयोग का प्रावधान भी नवीन एसओआर में किया गया है। इनमें सीमेंट एवं केमिकल से स्वाईल स्टेबलाइजेशन, पेव्हमेंट व्हाइट टॉपिंग, रोड साइनेज में एल्युमीनियम कम्पोजिट मटेरियल शीटिंग का उपयोग, प्री-कास्ट आरसीसी ड्रेन, प्री-कास्ट बॉक्स कल्वर्ट, फाउंडेशन कार्य में आरसीसी के उच्च ग्रेड- एम-40, एम-45, एम-50 का उपयोग, सबस्ट्रक्चर कार्य में प्री-स्ट्रेसिंग, बम्बू क्रैश बैरियर, नॉइस बैरियर शामिल हैं।




### ठेकेदारों को वित्तीय जोखिम कम होगा

*उन्होंने बताया कि वर्तमान में अनुबंध के प्रावधान अनुसार जीएसटी की दरों में परिवर्तन होने से ठेकेदार को जीएसटी के अंतर का भुगतान प्राप्त नहीं होता, जिससे ठेकेदार को अधिक वित्तीय जोखिम होता है। वर्तमान में अनुबंध फार्म में भी परिवर्तन कर ठेकेदार के जोखिम को कम किया जा रहा है। जीएसटी की दरों में वृद्धि होने पर राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों एवं एडीबी प्रोजेक्ट के कार्यों के अनुबंध के अनुरूप जीएसटी के अंतर का भुगतान प्राप्त हो सकेगा।*

## खबर संक्षेप



### सीएम साय ने दिवंगत बृजेंद्र श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को वीआईपी रोड स्थित रामस्वरूप निरंजन धर्मशाला में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तवजी ने जो कार्य किए, वे चिरस्थाई रहेंगे। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, विधायक धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, स्व. बृजेंद्र श्रीवास्तव के परिजन उपस्थित थे।

### सीएम साय से शौंडिक समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की भेंट

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रविवार शाम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में शौंडिक समाज के प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय को प्रतिनिधिमण्डल ने राजधानी रायपुर में 11 जनवरी 2025 को आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक सामाजिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर शिवरतन प्रसाद गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता और सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौंडिक समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### आशीर्वाद भवन में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में दो दिवसीय आयुष्मान कार्ड एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शनिवार को शुभारंभ किया गया। शिविर में 70 प्लस 5 लोगों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड, 55 महिला एवं पुरुषों का सामान्य आयुष्मान कार्ड एवं 60 लोगों के बीपी, शुगर, स्वास्थ्य की जांच की गई। साथ ही सर्दी, खांसी, विटामिन की दवाईयां निशुल्क वितरित की गईं। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. गोल्डी पांडेय, नीलिमा चंद्राकर, खिलेश गायकवाड़, जागेश्वर प्रसाद साहू, उज्ज्वल डोंगरे सहित समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, सचिव पं. सुरेश मिश्र, प्रीति मिश्रा, अर्चना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## कवासी लखमा, उनके बेटे सहित अन्य पूछताछ के लिए आज ईडी दफ्तर तलब

# शराब घोटाला मामले में लखमा ने कहा- मैं तो अनपढ़, अफसर जहां बोले, सिग्नेचर कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा, उनके बेटे हरीश लखमा सहित अन्य को सोमवार को पूछताछ के लिए ईडी ने समंस जारी किया है। श्री लखमा ने खुद इसकी पुष्टि की है। श्री लखमा ने बताया कि उन्हें तथा उनके बेटे को ईडी ने सोमवार को पूछताछ करने अपने कार्यालय तलब किया है। ईडी ने शनिवार को जिन लोगों के यहां रेड की थी, उनकी प्रॉपर्टी की जानकारी हासिल करने संबंधित जिलों के रजिस्ट्री कार्यालय को पत्र लिखा जाएगा। साथ ही बैंक ट्रांजेक्शन की जानकारी के लिए बैंकों को पत्र लिखेंगे।

छापे की कार्रवाई के बाद कवासी लखमा का बयान सामने आया है। बयान में श्री लखमा ने कहा कि शराब घोटाला मामले में ईडी ने उनसे सवाल किए हैं। वे अनपढ़ हैं, आबकारी अधिकारी एपी त्रिपाठी तथा उनके ओएसडी जिस कागज पर सिग्नेचर करने के लिए बोलते थे, वे उस कागज में हस्ताक्षर कर देते थे। श्री लखमा के अनुसार घोटाले का मास्टर माइंड एपी त्रिपाठी है। कवासी लखमा के अनुसार कितने करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है, उसे इस बात की जानकारी नहीं है। श्री लखमा ने कहा कि उसे एक रुपया भी नहीं मिला है।

### प्रॉपर्टी की जांच करने जिला कार्यालयों और ट्रांजेक्शन की जानकारी लेने बैंकों को लिखेंगे पत्र


शराब घोटाला को लेकर ईडी ने की है कार्रवाई
पूर्व आबकारी मंत्री, उनके बेटे, सुकमा नगर पालिका अध्यक्ष, कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की दबिश
रायपुर में कवासी लखमा के धरमपुरा स्थित निवास तथा चौबे कालोनी में सर्च
लखमा के करीबी रामभवन के घर ईडी

### ओएसडी को हिरासत में लेने की चर्चा

शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के एक ओएसडी के यहां भी छापे की कार्रवाई की गई थी। ईडी के अफसर उन्हें पूछताछ करने रविवार को अपने साथ ईडी कार्यालय लेकर आ गए थे। पूछताछ करने लाए गए ओएसडी की हिरासत में लिए जाने की चर्चा थी, लेकिन देर रात पूछताछ करने के बाद ईडी ने ओएसडी को छोड़ दिया।

### शराब मामले में गिरफ्तारी संभव

शराब घोटाला मामले में ईडी ने कई स्थानों से दस्तावेज के साथ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं। जिन लोगों के यहां ईडी ने छापे की कार्रवाई की है, उन्हें ईडी ने सोमवार को पूछताछ के लिए कार्यालय तलब किया है। आशंका जताई जा रही है कि पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर ईडी के अफसर कुछ लोगों को गिरफ्तार कर सकते हैं।

### लखमा बोले- छापे में क्या मिला, मुझे जानकारी नहीं

*श्री लखमा ने बताया कि उनका तथा उनके बेटे का मोबाइल ईडी के अफसर अपने साथ ले गए हैं। ईडी के अफसर लखमा के निवास पर शनिवार सुबह 7 बजे छापे की कार्रवाई करने पहुंचे थे। अन्य करीबियों के यहां छापे की कार्रवाई के बारे में उन्होंने कहा कि अन्य जगह छापे की कार्रवाई में ईडी को क्या मिला है, उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है।*



*श्री लखमा के अनुसार, उनके यहां छापे की कार्रवाई में ईडी को एक फूटी-कौड़ी तक नहीं मिली है। ईडी के अफसरों ने उनके पूरे घर तथा गाड़ियों की, सभी जगह की जांच की। हमने पूरा घर ईडी के अफसरों को सौंप दिया था। ईडी ने उनकी तथा परिवार की संपत्ति के बारे में जानकारी मांगी। उनके बाप-दादा के समय की चार एकड़ जमीन है। श्री लखमा ने मंत्री बनने के बाद किसी तरह से जमीन नहीं खरीदने की बात कही।*

# दिल्ली में प्रदेश के भाजपा जिलाध्यक्षों के पैनल पर मंथन, जल्द होगी घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में भाजपा के 36 जिला संगठनों के जिलाध्यक्षों के पैनल पर रविवार को दिल्ली में मंथन किया गया है। ज्यादातर जिलाध्यक्षों के नाम फाइनल हो चुके हैं। इसकी घोषणा जल्द होने की संभावना है। इसी के साथ दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष सहित संगठन चुनाव के राष्ट्रीय पदाधिकारी, देश के सभी राज्यों के पदाधिकारियों को कार्यशाला में राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यशाला में प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

सितंबर में भाजपा के सदस्यता अभियान के बाद नवंबर से संगठन चुनाव चल रहा है। इसमें पहले चरण में बूथ कमेटियों का गठन किया गया। इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ और फिर तीसरे चरण में जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी की गई है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में पहले भाजपा संगठन के 35 जिले थे, जो अब 36 हो गए हैं। बिलासपुर में एक और जिला बढ़ा दिया गया है। ऐसे में सभी जिला संगठनों में जिलाध्यक्षों के दावेदारों के नाम मंगाकर पहले 27 दिसंबर को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन की उपस्थिति में जिलाध्यक्षों के नामों का पैनल तय किया गया।

### राज्यों के अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया पर कार्यशाला


*दिल्ली में संगठन चुनाव को लेकर अंतिम कार्यशाला रविवार को सुबह हुई। इसमें सभी राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय चुनाव के पदाधिकारियों ने राज्यों के अध्यक्ष के चुनाव के बारे में जानकारी दी। इसमें बताया गया कि अगर किसी राज्य में अध्यक्ष के चुनाव की स्थिति आती है तो क्या करना है। इसके लिए मतदान का अधिकार किनको रहेगा, इसकी भी पूरी जानकारी दी गई। राज्यों के अध्यक्षों के चुनाव के बाद जनवरी में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। कार्यशाला में प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख शामिल हुए।*

# कबीर नगर की शाखा में संघ प्रमुख भागवत ने किया सूर्य नमस्कार और व्यायाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत रायपुर में हैं। तीसरे दिन सुबह को करीब नगर की व्यावसायिक शाखा में गए और वहां पर सभी के साथ सूर्य नमस्कार करने के साथ व्यायाम भी किया। यहां पर वे एक घंटे तक रहे। दोपहर में उन्होंने रायपुरा स्वयंसेवक रतन चक्रधर के निवास में भोजन किया। अब 31 दिसंबर को वे प्रांत संघचालक टोपलाल वर्मा के निवास में भोजन करेंगे। इसी दिन आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों की बैठक भी होगी। जागृति मंडल में भी दिनभर बैठकों का दौर चला। इसमें पर्यावरण विषय पर पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों के साथ चर्चा हुई। संघ का फोकस इस समय पंच परिवर्तन पर है। हर दिन एक विषय पर चर्चा की जा रही है। पहली बार डॉ. भागवत साल के अंत में पांच दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए हैं। इस प्रवास का मुख्य मकसद संघ को मजबूत करना है। संघ को मजबूत करने के लिए पंच परिवर्तन के विषय तय किए हैं। अपने दौरे में डॉ. भागवत राजधानी की शाखाओं में भी जा रहे हैं।

■ स्वयंसेवक रतन चक्रधर के घर पर खाया खाना



दूसरे दिन सुबह से सत्र में वे कबीर नगर की व्यावसायिक शाखा में पहुंचे। इस शाखा में 40 वर्ष से ज्यादा के ऐसे स्वयंसेवक शामिल हैं, जो नौकरीपेशा या कारोबारी हैं। इस शाखा में डॉ. भागवत एक घंटे तक रहे। यहां पर शाखा की दिनचर्या में शामिल होने के साथ उन्होंने शाखा के स्वयंसेवक से चर्चा भी की।

# आयुष्मान कार्ड शिविर में दो हजार से अधिक ने लिया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन किया। यह शिविर शहीद पंकज विक्रम वार्ड में महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी के निवास में लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी ने किया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि अभी तक 10 जगह आयुष्मान कार्ड शिविर सिंधी काउंसिल लगा चुका है और लगभग दो हजार से ज्यादा लोगों ने शिविर का लाभ लिया है, जिनका शिविर में कार्ड बनाया गया। इसी दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदीजी की शानदार योजना है आयुष्मान कार्ड। हर वर्ग इसका अधिक से अधिक लाभ ले और बुजुर्ग, महिला, बच्चे, सामान्य वर्ग एवं बीपीएल सब लाभ उठाएं। सबसे सच्ची सेवा कर रहा है सिंधी काउंसिल। विधायक सुनील सोनी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बीजेपी सरकार की सबसे अच्छी योजना, जिसका लाभ हर वर्ग उठाए। इस शिविर में सचिन मेघानी, संजय रहेजा, सुनील कुकरेजा, डॉ. एनडी गजवानी, कमल विधवानी, मुखी चंदर देवानी, अभय आठवानी, प्रकाश बलवानी आदि शामिल थे।

# पीएम मोदी ने 'मन की बात' में की बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आयोजित बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, पहली बार हुए बस्तर ओलिंपिक से बस्तर में नई क्रांति जन्म ले रही है। मेरे लिए यह बहुत ही खुशी की बात है कि बस्तर ओलिंपिक का सपना साकार हुआ है। यह ओलिंपिक उस क्षेत्र में हो रहा है, जो जगह कभी माओवादी हिंसा का गवाह रही है। बस्तर ओलिंपिक का शुभंकर है वनभैंसा और पहाड़ी मैना। इसमें बस्तर की समृद्ध संस्कृति की झलक दिखती है। बस्तर खेल महाकुंभ का मूलमंत्र है, 'करसाय ता बस्तर, बरसाय ता बस्तर' यानी खेलेगा बस्तर, जीतेगा बस्तर।

प्रधानमंत्री ने बस्तर ओलिंपिक की सराहना करते हुए कहा, पहली ही बार में बस्तर ओलिंपिक में बस्तर संभाग के 7 जिलों के एक लाख 65 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, युवाओं के संकल्प की गौरवगाथा है। एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराटे, कबड्डी, खो-खो और वॉलीबॉल, हर खेल में हमारे युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर ओलिंपिक की प्रशंसा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार बस्तर में बदलाव और यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली लाने दृढ़ संकल्पित है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर Sorry bhai से
SORRY BHAI ड्राई जगहों मे पानी निकाल कर देने की ठेका लेते है
ऐसे लोग जो बार-बार बोर करवा कर परेशान हो चूके है फिर भी पानी नही निकाल पा रहे है तो SORRY BHAI को पानी निकाल कर देने के लिए ठेका दे दो।
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
पैसा पानी निकलने के बाद देना

## राजीव भवन में जुटे कांग्रेसियों ने उनके कार्यों को किया याद

# कांग्रेसियों ने दिवंगत पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। डॉ. मनमोहन सिंह का देश के लिए योगदान, प्रधानमंत्री और आर्थिक विशेषज्ञ के रूप में उनके कामकाज को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह सही मायने में देशभक्त थे। अपनी बुद्धि और कौशल के माध्यम से उन्होंने देश-दुनिया की अविस्मरणीय सेवा की। उनके नेतृत्व में भारत दुनिया के विकसित राष्ट्रों के समकक्ष खड़ा हो सका। देश की आर्थिक उन्नति में उनका बड़ा योगदान रहा है। उनका निधन देश के लिए, देश की राजनीति के लिए, कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है।

### ये हुए शामिल

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेंद्र साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, अमितेष शुक्ल, जयसिंह अग्रवाल, उपाध्यक्ष गुरमुख सिंह होरा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विनय जायसवाल, अनिता शर्मा, महापौर एजाज ढेबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री कन्हैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा, संजय पाठक, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, मछुआ कांग्रेस अध्यक्ष एमआर निषाद, शहर जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे, ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, पंकज शर्मा, प्रमोद चौबे, सुंदर जोगी, मदन तालेड़ा, बबीता नत्थानी, दिनेश शुक्ला, मोहनलाल साहू, घनश्याम क्षत्रिय, मनीराम साहू, बजरंग यादव, पिंकी बाघ, सोन ठाकुर, सोहन शर्मा, राजेंद्र जग्गी, संजय पाठक, सतीश जैन, मुन्ना मिश्रा सहित अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कुथरेल में डांस प्रतियोगिता आज

**अंडा।** ग्राम कुथरेल में 31 दिसंबर को भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन युवा मंडल द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष समीर साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल पुरस्कार और एकल पुरस्कार के तहत 10001 रूपए से लेकर 1001 रूपए तक की राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही सभी प्रतिभागियों को फोटो फ्रेम भी दिया जाएगा।

### ओए-बीएसपी की वार्षिक आमसभा 4 जनवरी को

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से ओए-बीएसपी की वार्षिक आमसभा 4 जनवरी को सम्पन्न कराए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रगति भवन, सिविक सेंटर में आयोजित होने वाली वार्षिक आमसभा में अध्यक्षीय उद्बोधन ओए अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर के द्वारा दिया जाएगा। ओए महासचिव परविंदर सिंह के द्वारा वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाएगी। कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 का आय-व्यय लेखा प्रस्तुत किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंकेक्षक की नियुक्ति की जाएगी।

### चरोदा में चाइनीज मांझे के खिलाफ 22 पर हुई कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में चानिीज मांझा का कारोबार करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई किया गया है। मांझा को जब्त कर उन पर अर्थदंड लगाया। कलेक्टर सुश्री रिचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर भिलाई चरोदा प्रशासन द्वारा क्षेत्र में मंजा बेचने वालो के खिलाफ शिकंजा कसा जा रहा है। निगम आयुक्त डीएस राजपूत ने स्वास्थ्य विभाग के अमले को मांझा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। भिलाई तीन, चरोदा क्षेत्र की दुकानों में औचक निरीक्षण निगम की टीम द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा पतंग उड़ाने के लिए मांजा का उपयोग किया जा रहा है। मांझा काफी तेज रहता है। जिले में मांजा के कारण कई लोग चपेट में आ चुके है। भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में एक युवक की मौत तक हो चुकी है। निगम स्वास्थ्य विभाग ने फैंसी और जनरल समान विक्रेताओं के यहां सघन चेकिंग की गई। मौके से 24 नग प्रतिबंधित मांझा जब्त कर 2800 रु अर्थदड वसूला गया।

### बिहार गए परिवार के घर से 90 लाख की चोरी

**भिलाई।** परिवार समेत बिहार गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सोना चांदी के जेवरात और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना स्मृति नगर पुलिस चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक विवेकानंद नगर कोहका सड़क 5 निवासी अरविंद सिंह परिवार समेत 22 दिसंबर को बिहार ससुराल गए हुए थे। मकान पर फिश एक्वेरियम है और रोज नौकरानी मछलियों को दाना खिलाने आती है। मकान में लगा सीसी कैमरों को अरविंद सिंह रोज बिहार से चेक भी करता था। चेक के दौरान 26 दिसंबर को मकान के बाहर लाइट बंद दिखने पर अरविंद सिंह ने सोचा कि नौकरानी ने बंद कर दिया होगा। दूसरे दिन 27 दिसंबर को कैमरा ही बंद हो गया। संदेह होने पर अरविंद सिंह ने अपनी नौकरानी को देखने कहा। 28 दिसंबर शनिवार को जब नौकरानी मकान में पहुंची तो ताला टूटा पड़ा मिला।

### आयोजन : कुसुमकसा में धूमधाम से मनाया गया शक्ति दिवस

# अभा हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, प्रतिभाओं का किया सम्मान







हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी आदिवासी समाज कुसुमकसा द्वारा शक्ति दिवस धूमधाम से मनाया गया। शहीद गैंदसिंह नायक भवन कुसुमकसा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी की पूजा तथा सामाजिक ध्वज का ध्वजारोहण हल्बा समाज के ग्राम अध्यक्ष ने किया। उसके बाद समाज द्वारा गैंदसिंह नायक भवन से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा शिव मंदिर चौक, क्रांति चौक, अटल चौक, शांति चौक, दीप चौक, आमापारा, बस स्टैंड, गैरेज पारा होते हुए नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल गैंडसिंह भवन पहुंची। शक्ति दिवस समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त डिप्टी कलेक्टर रतिराम चुरेंद्र थे, अध्यक्षता समाज के ग्राम अध्यक्ष धरमसिंह पिस्दा ने की। वहीं, शिवराम सिंद्रामे सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, संजय बैस जनपद सदस्य, तिहार सिंह तारम, शंकर पिस्दा, रायसिंह लेडिया, पवारा कोठारी, कीर्तन रावटे, कन्हैया भैसारा, आत्मा राम चुरेंद्र, अमरोटीन मसिया, लता पिस्दा, लता सहारे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में समाज द्वारा नवनियुक्त कर्मचारी प्रिया नायक, पवन रावते, प्रतिभाशाली बच्चे नंदनी पिस्दा, प्राची पिस्दा को प्रशस्ति पत्र,स्मृति चिन्ह व 1500 रूपए नकद प्रदानकर सम्मानित किया गया।

#### नशापान से दूर रहें, शिक्षा पर दें ध्यान : चुरेंद्र

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रत्तीराम चुरेंद्र ने समाज की एकता पर जोर देते हुए युवाओं से नशापान से दूर रहने की अपील की। साथ ही बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। ग्राम अध्यक्ष धरम सिंह पिस्दा ने संगठन एवं शिक्षा पर जोर दिया। श्री बैस ने समाज की एकता को सराहा और भवन में किचन शेड निर्माण कराने की घोषणा की। शंकर पिस्दा ने युवा वर्ग को समाज के विकास के लिए सामाजिक गतिविधियों से जुड़ने की बात कही। पवारा कोठारी ने नारी शक्ति को मजबूत बनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम का संचालन राकेश रावते, नंद किशोर पिस्दा व सुरेश कोठारी ने किया। कार्यक्रम में समाज के अर्जुन सहारा, सोमनाथ रावते, घनाराम चिराम, बालू माहला, नरेंद्र कोलियारा, देवी रावते, तुका पिस्दा, दसरू धालेंद्र, दाता रावते, भारत पिस्दा सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# आस की पुस्तक संघर्ष अभी जारी है का सांसद बघेल ने किया विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस द्वारा प्रकाशित कृति संघर्ष अभी जारी है का विमोचन दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने अपने सांसद निवास में किया।

डॉ. देवांगन ने पुस्तक में 2021 में स्वयं के कोरोना पॉजिटिव होने की घटना के संबंध में जानकारी दी है। कैसे पॉजिटिव हुए, हास्पिटल के आई.सी.यू में 15 दिन बिताना, डिस्चार्ज होना और डिस्चार्ज होने के बाद की स्थिति क्या रही इस संबंध में चर्चा की है। उन्होंने बताया कि पुस्तक का प्रकाशन मेरी धर्मपत्नी दुर्गा देवांगन ने करवाया है, जिसमें उनकी पुत्री दृष्टि देवांगन, महासचिव शिकसा डॉ. बोधीराम साहू का सहयोग रहा। विमोचन अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि डॉ.शिवनारायण देवांगन ने कोरोना काल में काफी संघर्ष किया। उनके जुनून ने उन्हें उस विकट घड़ी में भी मौत के मुंह से बचा लिया। उस पूरे घटनाक्रम को पुस्तक का रूप देकर लोगों को यह बताने का प्रयास कर रहे हैं कि वह दौर कितना भयावह रहा। इस अवसर पर शिकसा के प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल, उपाध्यक्ष प्रीतिचंद्र मल्लिका, मीडिया प्रभारी गोपाल ध्रुव, प्रातांध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नीता त्रिपाठी सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

#### शिक्षकों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान शिकसा शिक्षक सम्मान 2024 से ईश्वरी देवांगन दुर्ग, प्रीतिचंद्र मल्लिका संगमाकापा मुंगेली, भावना राजपूत हनोदा दुर्ग व शिक्षक सम्मान 2024 से माधुरी यादव तथा महिमा साहित्य गौरव अलंकरण से कामता प्रसाद साहू को सम्मानित किया गया।

# शासकीय स्वास्थ्य केंद्र के लिए तरस रहा जामगांव








हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

दुर्ग जिले की पाटन विधानसभा के जामगांव आर को देश स्वतंत्रता के बाद 77 साल बाद भी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा नहीं मिली है। 35 ग्रामों के केंद्र में होने के बाद भी यहां एक छोटा सा शासकीय स्वास्थ्य केंद्र नहीं होने से इस क्षेत्र जनप्रतिनिधियों की सोच व सक्रियता पर सवाल उठने लगे हैं। 25 साल तक विधायक रहे कांग्रेस विधायक भूपेश बघेल ने तो मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की कमान संभाली, लेकिन अपने विधानसभा क्षेत्र के जामगांव आर अंचल के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा नहीं दिला सके। वहीं, भाजपा प्रदेश सरकार विष्णुदेव साय की सुशासन और डबल इंजन की सरकार के 1 साल पूरे हो गए, जश्न भी मना लिया गया, लेकिन शासकीय स्वास्थ्य केंद्र को लेकर कोई सुगबुगाहट नजर नहीं आ रही है। अब लोगों की निगाहें एक बार फिर शासकीय कालेज उपलब्ध कराने वाले भाजपा सांसद विजय बघेल की ओर है। लोगों की अपेक्षा है कि सांसद श्री बघेल शासकीय कालेज की तरह ही एक अच्छा सा स्वास्थ्य केंद्र जामगांव आर को उपलब्ध कराएंगे। वहीं, सितंबर 2016 में राष्ट्रपति की मुहर जामगांव आर को ब्लॉक बनाने लग चुकी है, लेकिन कोई सरकार इसे मूर्त रूप नहीं दे पाई है। इसे लेकर भी लोग सिर्फ इंतजार ही कर रहे हैं।

# शहीद वीर नारायण सिंह ने अपने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया : ललित






■ आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा आयोजित जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पिसेगांव में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने शहीद वीर नारायण सिंह और बुढ़ादेव की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उक्त अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। वहीं, छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि यह दिवस हमें अपने देश के एक महान शहीद की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। श्री चंद्राकर ने कहा कि हमें वीर नारायण सिंह के जीवन और उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने अपने समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की।

उन्होंने कहा कि शिक्षा हमारे समाज के विकास के लिए आवश्यक है। हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलानी चाहिए, ताकि वे अपने जीवन में सफल हो सकें। साथ ही अपने समाज के विकास और उत्थान के लिए एक साथ मिलकर काम करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, गजाधर ठाकुर, मनहरण ठाकुर, भुनेश्वर ठाकुर, पूनम पोंते, डोमन ठाकुर, राजेश ठाकुर, संजय नेटी, कोमल सिंह नेताम सहित समाज के पदाधिकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मोहलाई में शुरू हुई क्रिकेट स्पर्धा विधायक कुंवरसिंह हुए शामिल



**बालोद/सिकोसा।** गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम मोहलाई में न्यू स्टार क्रिकेट क्रिकेट क्लब मोहलाई एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल हुए।

इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। विधायक ने कहा कि शिक्षा के साथ–साथ खेलकूद एवं उत्सव प्रतियोगिताएं भी अत्यंत ही आवश्यक हैं, यह हमें अपनी शारीरिक क्षमताओं को जानने के साथ ही हमारे अन्दर प्रतिस्पर्धा के भाव को भी जागृत करता है, जो जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अत्यंत ही आवश्यक है।

# अर्जुंदा में धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती, हुई पंथी नृत्य स्पर्धा

### कार्यक्रम से पहले बाजे-गाजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अर्जुन्दा नगर में सतनामी समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 24 व 25 दिसंबर को दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता एवं जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा ने विभिन्न जगहों पर स्थापित जैतखाम में पालो चढ़ाया। प्रतियोगिता दिवस के पूर्व सतनाम समाज अर्जुन्दा द्वारा शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में आस पास के गांवों के सामाजिक बंधुओं ने हिस्सा लिया। महिलाओं ने अपने हाथों में सफेद ध्वज लेकर भ्रमण किया। शोभायात्रा सतनाम चौक से प्रारंभ होकर कारगिल चौक से वापस आवास पारा में समाप्त हुई। तहसील अध्यक्ष एवं समाज के संरक्षक दिलीप देशलहरा ने विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन दिया। ग्राम के नागरिक व माता बहनों ने दो दिवसीय प्रतियोगिता का आनंद लिया।

आयोजन संचालन समिति के पदाधिकारी लाला माहेश्वरी, तीरथ देशलहरे, रूपेन्द्र गेण्ड्रे, श्रीराम जोशी, दिलीप देशलहरा, भुनेश्वर गेण्ड्रे एवं ओमप्रकाश कोसरे, दिनेश कुमार गेण्ड्रे ने विशेष सहयोग दिया। निर्णायक मंडल में महावीर चोदल, कामता प्रसाद कुर्रे, गैदलाल देशलहरे, मंच संचालन राधेश्याम बंजारे तथा अनिरूद्ध कुमार देशलहरे ने किया।

#### इन्होंने जीता पुरस्कार

तहसील सतनामी समाज अर्जुन्दा के अध्यक्ष पुनारद गेण्ड्रे ने बताया कि कार्यक्रम में महिला वर्ग एवं पुरूष वर्ग के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए थे। भोजन व्यवस्था में दशरथ, राजकुमार खुटियारे एवं उसके दल का सहयोग मिला। पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार ग्राम बठेना दुर्ग, द्वितीय पुरस्कार ग्राम गोड़ेला अर्जुन्दा, तृतीय पुरस्कार ग्राम दतरेंगा, चतुर्थ पुरस्कार ग्राम धौराभाठा को दिया गया। वहीं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार जय मां सतरूपा पंथी नृत्य दल डुमरडीह राजनांदगांव, द्वितीय पुरस्कार ग्राम कोड़ेवा बालोद, तृतीय पुरस्कार ग्राम निकुम दुर्ग को दिया गया। विशेष दर्शक में राधिका गायकवाड़ अर्जुन्दा का सम्मान किया गया।

# ग्राम पटेल की स्मृति में उनके पुत्र ने स्कूल को भेंट किया स्मार्ट टीवी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिर्री को स्व. राधे देवांगन पूर्व ग्राम पटेल की स्मृति में उनके पुत्र खेमलाल देवांगन और पुत्रवधु भारती देवांगन ने स्मार्ट टीवी भेंट किया। इस अवसर पर सरपंच निर्मला पाटिल, शाला विकास समिति अध्यक्ष कमलदेव ठाकुर, शिक्षाविद वासुदेव बघेल, उपाध्यक्ष प्रभा यादव, विधायक प्रतिनिधि ईश्वर यादव, संकुल समन्वयक खेमलाल ठाकुर, प्रधान पाठक आदित्यनाथ गजपाल, शिक्षक सुकुरमुनी प्रधान, दुकेश मारकंडे, कनक सिंह, मनीष सिंह, गोकुल यादव तथा छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामीण धनराज यादव ने देवांगन परिवार का आभार जताया।


# परसही में गोंड़ समाज ने मनाया शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

ग्राम परसही में गोंड़ समाज के तत्वावधान में शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं गोंड़ समाज के संरक्षक थानसिंह मंडावी थे, अध्यक्षता धनाजी राम धुर्वे परिक्षेत्रीय अध्यक्ष ने की।



विशेष अतिथि अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज गुण्डरदेही उमाशंकर नेताम, प्रवक्ता पाटन राज दुलार सिंह मंडावी, जनपद सदस्य राधेश्याम चेलेके, ग्रामीण कोषाध्यक्ष हेमलाल यादव, संरक्षक लक्ष्मीनाथ ठाकुर, जगन्नाथ ठाकुर, गोंडवाना समाज जिला उपाध्यक्ष नेमसिंह उइके थे। कार्यक्रम के प्रथम चरण में गोंड समाज की महिलाओं ने गौरा गौरी की शोभायात्रा निकाली। शिव शक्ति आदिवासी ग्रुप जन्जगिरी के सदस्यों ने बाजे गाजे एवं आगा देवता के साथ गली भ्रमण किया। अतिथियों ने बूढ़ा देव की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मंडावी ने कहा कि सोना खान के राजा छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह थे। उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया, जिसके कारण वीर नारायण सिंह जी को रायपुर के जय स्तम्भ चौक में खुले आम फांसी दी गई, जिसकी याद में दिसम्बर के महीने में शहादत दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर नागेश्वर ठाकुर, लखन लाल ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर, घनश्याम सिंह ठाकुर, राजकुमार ठाकुर उपसरपंच, संजय ठाकुर, खिलावन मंडावी, रूखमणि ठाकुर, देवकुंवर ठाकुर, लतेलीन ठाकुर, रेखा ठाकुर, जानकी ठाकुर, खुश्बू ठाकुर, अंजनी ठाकुर, पूजा ठाकुर, राधा ठाकुर, परमिला ठाकुर, अगरौतिन ठाकुर, सहोदरा ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से-18 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है.... सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport